Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **बांसवाड़ा में जवाहर नवोदय विद्यालय का कार्यालय अधीक्षक 8500 रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**
- **आवास एवं अन्य ठिकानों की तलाशी जारी**

जयपुर, *29 मई।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी की बांसवाड़ा इकाई द्वारा आज शनिवार को जवाहर नवोदय विद्यालय, बुड़वा, तहसील बागीदौरा, बांसवाड़ा में कार्यवाही करते हुये राजेश खन्ना कार्यालय अधीक्षक को 8500 रुपये रिश्वत राशि लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री भगवान लाल सोनी ने बताया कि ए.सी.बी. बांसवाड़ा इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि जवाहर नवोदय विद्यालय, बुड़वा, तहसील बागीदौरा, बांसवाड़ा में किये गये विभिन्न कार्यों के बकाया बिल पास करने की एवज में राजेश खन्ना कार्यालय अधीक्षक द्वारा 10 प्रतिशत कमीशन के रूप में 8500 रूपये रिश्वत मांगकर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी की बांसवाड़ा इकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री माधोसिंह** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज उनकी टीम द्वारा ट्रेप कार्यवाही करते हुये राजेश खन्ना पुत्र श्री मदनलाल कोली निवासी देवनारायण मंदिर के पास, कोली मौहल्ला, थाना भीमगंज जिला भीलवाड़ा हाल कार्यालय अधीक्षक, जवाहर नवोदय विद्यालय, बुड़वा, तहसील बागीदौरा, बांसवाड़ा को परिवादी से 8500 रुपये रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक श्री दिनेश एम.एन. के निर्देशन में आरोपी के निवास एवं अन्य ठिकानों की तलाशी जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

एसीबी महानिदेशक, श्री भगवान लाल सोनी ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.* 1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.* 94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।** विदित रहे कि एसीबी राजस्थान राज्य में राज्य कर्मियों के साथ–साथ केन्द्र सरकार के कार्मिकों के विरूद्ध भी कार्यवाही करने को अधिकृत है।